


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 223 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 30 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## ढाबो में शराब पीते मिले लोग, तीन संचालकों पर मामला दर्ज

**मंदसौर/नीमच, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीम ने नीमच में होटल-ढाबों पर छापेमारी की। बस स्टैंड के पीछे स्थित बिग बॉस जायका हांडी ढाबे से शराब की खाली बोतलें और गिलास बरामद हुए। शराब पीते मिले लोग पुलिस को देखकर फरार हो गए। ढाबा संचालक राजेश चावला पर मामला दर्ज किया गया। जबकि, मंदसौर में शराब बिक्री पर प्रतिबंध के बावजूद शहर सहित क्षेत्र के कई ढाबे सुबह से ही शराब-कबाब के लिए नशेड़ियो से आबाद हो जाते है। लेकिन, मंदसौर का आबकारी और पुलिस अमला जाने कौन से नींद में सोया है। जानकारी के अनुसार नीमच में छावनी रोड स्थित होटल अशोका के काउंटर से 12 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की गई। होटल मालिक अशोक अहीर के खिलाफ कार्रवाई की गई। मनासा रोड स्थित लाजवाब ढाबे पर ग्राहकों के लिए शराब पीने की व्यवस्था मिली। यहां से एक बोतल में आधी शराब बरामद हुई। ढाबा संचालक मनीष भास्कर पर मामला दर्ज किया गया। महू रोड स्थित पेंटर का ढाबा, राजाजी ढाबा और लावेला ढाबे की जांच में कुछ नहीं मिला। 28 मई 2025 को की गई इस कार्रवाई में मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) और 36 के तहत तीन मामले दर्ज किए गए। जिला आबकारी अधिकारी एनपी सिंह ने बताया कि होटल-ढाबों पर शराब पीने-पिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। आबकारी टीम द्वारा मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), 36 के तहत कुल तीन प्रकरण दर्ज किये गये है।

### बाइक सवार से मिली एक किलो अफीम, एक दिन की रिमांड पर आरोपी

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा थाना पुलिस ने फतेहगढ मंदिर के पास एक बाइक सवार को रोका। उसके कब्जे से एक किलो अफीम मिली। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएसएक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे एक दिन अर्थात शुक्रवार तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। अब पुलिस उससे विस्तृत पूछताछ कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक मुखबीर सूचना पर यशपाल सिंह पिता नागु सिंह निवासी ग्राम निनोरा थाना पिपलिया मंडी को रोका गया। वह अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्रमांक एमपी 14 एमआर 7456 से एक किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर जा रहा था। आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया की वह अफीम कमलेश पिता रामेश्वर गुर्जर निवासी खेड़ा खदान पिपलिया मंडी से लाकर उसके बताए अनुसार जावरा देने जा रहा था। मामले में पुलिस जांच जारी हैं।

# काम नहीं बढ़ रहा आगे... नहीं आ रहा ओटीपी

## अटके समग्र से जुड़े काम, चार दिन बंद रखने के बाद भी रफ्तार में रोड़ा बरकरार

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस। मैंटेनेंस के लिए चार दिन बंद रखने के बाद भी समग्र का पोर्टल रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। जबकि, दावा किया गया था कि मेंटेनेंस के बाद पोर्टल पर सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। इससे संबंधित सभी काम आसानी से पूरे होंगे। हालात ये हैं कि 26 मई को सुबह पोर्टल फिर शुरू होने के बाद भी अभी तक अटक ही रहा है। जिससे लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं। नगर पालिका के समग्र केंद्र में आ रहे लोग घंटों परेशान होकर वापस लौट रहे हैं। बमुश्किल कुछ लोगों की समग्र अपडेट हो पा रही है।**

मेंटेनेंस गतिविधियों के लिए समग्र पोर्टल को 22 से 26 मई सुबह 8 बजे तक अस्थायी रूप से बंद रखा गया था। कहा गया था कि सर्वर मैंटेनेंस के बाद समग्र एप्लिकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होगा, जिससे समग्र एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर से और बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी। पोर्टल के पूरी क्षमता से कार्य नहीं करने से नपा से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार लिंक, परिवार अपडेशन का काम नहीं हो पा रहा है। जबकि, इन दिनों इसकी ज्यादा जरूरत पड़ रही है।

### ओटीपी में आ रही परेशानी...

समग्र पोर्टल पर काम करने में सबसे बड़ी परेशानी ओटीपी की है। इस पोर्टल पर कुछ भी कार्य करने के लिए ओटीपी मांगी जाती है। लेकिन, रिक्वेस्ट भेजने के बाद घंटों ओटीपी नहीं आती। जिससे काम आगे नहीं बढ़ता है। नपा में समग्र का काम देख रहे सुमित शाक्य ने बताया कि अधिकतर लोग समग्र में परिवार अपडेशन के लिए आते हैं। सर्वर धीमा होने के कारण परिवार अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। वेरिफिकेशन के लिए ओटीपी रिक्वेस्ट भेजो तो काम अटक जाता है।

### अतिथि शिक्षकों की परेशानी बढ़ी...

इन दिनों अतिथि शिक्षकों के पंजीयन का काम किया जा रहा है। जिसमें संबंधित के परिवार का अपडेशन जरूरी है। लेकिन, इसमें खासी दिक्कतें आ रही हैं। अतिथि शिक्षक के गार्जियन या पति का नाम अपडेट करने के बाद भी शो नहीं कर रहा है। यदि समग्र पर दिखाई भी दे तो शिक्षा विभाग का पोर्टल 3.0 उसे उठा नहीं रहा है। इसमें समग्र पोर्टल और शिक्षा विभाग के नए विकसित 3.0 पोर्टल के लिंकेज में दिक्कत आ रही है।

### केवायसी के कारण बढ़ा लोड...

मेंटनेंस के बाद समग्र पोर्टल को फिर से शुरू करते ही इस पर केवायसी का लोड अचानक बढ़ा है। चार दिन तक पोर्टल बंद रहने से केवायसी का काम पेंडिंग हो गया था। लोग अपने आधार को समग्र से लिंक कराने के लिए दौड़ रहे हैं, जिससे पोर्टल ज्यादा व्यस्त होकर धीमा हो रहा है।




# शिवना की सफाई के लिए राजा ने भी बहाया पसीना..!

## दिग्विजयसिंह बोले-महिलाओं की भागीदारी आवश्यक

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह बुधवार रात मंदसौर पहुंचे। गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त सुबह शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत शिवना तट पहुंचकर श्रमदान किया। उन्होंने बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन के बाद ग्राम खेड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर उन्हें संबोधित भी किया। दिग्विजयसिंह इस दौरान संजीत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वरलाल धाकड़ के घर भी पहुंचे।**



राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह गुरुवार को एकदिवसीय दौरे पर मंदसौर पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत पशुपतिनाथ मंदिर से सटी शिवना नदी में चल रहे शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान से की। इसके बाद उन्होंने अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए। महाराणा प्रताप जयंति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे दिग्विजय सिंह के साथ मंच पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक विपिन जैन, राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष रुघनाथ सिंह काचरिया, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया और जनपद पंचायत सदस्य अरविंद सिंह राठौर मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों की संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने देश को बलिदान दिया है और अपनी वीरता से राज और परंपराएं स्थापित की हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विचारधारा अलग हो सकती है। लेकिन, समाज की सेवा के लिए सभी एकजुट हैं।

### महिला भागीदारी पर होना चाहिए जोर...

मीडिया से चर्चा के दौरान दिग्विजय सिंह ने कहा कि कार्यक्रम अच्छा रहा, लेकिन मंच पर एक भी महिला की उपस्थिति नहीं थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगली बार जब वे यहां आएंगे तो मंच पर महिलाएं विराजमान होंगी और पुरुष नीचे बैठेंगे। उन्होंने लोगों से शराब का सेवन छोड़ने की भी अपील की। कार्यक्रम के बाद दिग्विजय सिंह संजीत ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर धाकड़ के गांव खेड़ा खदान पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। श्रमदान कार्यक्रम में मंदसौर विधायक विपिन जैन, नीमच जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, सोमिल नाहटा, जाहिर पठान, तरुण बाहेती, राघवेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य कांग्रेसजन और आमजन शामिल हुए।


### एक्सप्रेस वे अश्लील वीडियो कांड में बढ़ी ब्लैकमेलिंग की धारा...

# वीडियो लीक करने वालों पर भी शिकंजा कसती पुलिस

## मनोहर धाकड़ का नाम लो और टोल फ्री...?

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** आईपीएल हो या अन्य कोई बड़ा सेलीब्रिटी या नेता। सोशल मीडिया पर लाईक और कमेंटस के लिए यू ट्यूबर इनको जमकर इस्तेमाल करते हैं। वर्तमान में मंदसौर का एक्सप्रेस वे कई यू ट्यूबर और सोशल मीडिया प्रेमियों के लिए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का अश्लील वीडियो कांड बड़ा इवेंट बना हुआ है। इन दिनो सोशल मीडिया की बड़ी सेलीब्रिटी बना हुआ है मनोहर धाकड़। इस कांड को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर बनाया गया। जिसमें एक कार चालक टोल पर गाड़ी रोककर टोलकर्मी के सामने मनोहरलाल धाकड़ का नाम लेता है और उसकी गाड़ी बिना टोल के पास हो जाती है। एक वीडियो में यू ट्यूबर के सवाल के जवाब में एक व्यक्ति कांड को लेकर कह रहा है कि मनोहर धाकड़ ने अच्छा काम किया। मनोहर धाकड़ एक्सप्रेस वे की गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए गए थे। यहां जंप कर वह सड़क की गुणवत्ता जांचना चाह रहे थे। यह सिर्फ दो उदाहरण है...। कुल मिलाकर जहां पुलिस इस मामले को लेकर मंथर गति से कार्रवाई कर रही है तो वहीं कांग्रेस भी इस मुद्दे को भुना रही है। इधर यू ट्यूबर और सोशल मीडिया भी इस कांड का आनंद लेने से नहीं चूक रहे।

खैर बात करें पुलिस की तो पुलिस ने इस मामले में ब्लेकमेलिंग की धारा बढ़ाई है। वही एनएचएआई के अधिकारियों ने बयान में जिन तीन निकाले गए कर्मचारियों के नाम पुलिस को बताए है। उनकी तलाश पुलिस ने शुरु कर दी है। पुलिस बने सिंह को लेकर भी जांच कर रही है। भानपुरा पुलिस के





सूत्रों की माने तो इस मामले में जल्द ही ब्लेकमेलिंग करने वालों को नामजद किया जाएगा। पुलिस को अब भी काम करने वाले कर्मचारियों की सूची का इंतजार है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई का निर्धारण होगा।

भानपुरा थानाप्रभारी श्री डांगी ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों ने निकाले गए तीन कर्मचारियों के नाम दिए हैं। उन कर्मचारियों की तलाश की जा रही है। तीनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। तीनों से कई बिंदूओं पर पूछताछ होगी। इसके अलावा मनोहर लाल धाकड़ के मोबाइल नंबर की सीडीआर मिलने के बाद उसको भी देखा जाएगा और जिन नंबरों पर 13 से 20 मई तक सबसे अधिक बार बात हुई है। उन लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।

### कंपनियों से होगी पूछताछ...

भानपुरा थानाप्रभारी आरसी डांगी ने बताया कि एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि इसका पूरा काम एमकेसी कंपनी को दे रखा है। एमकेसी कंपनी ने भी इसका ठेका एमकेआई कंपनी को दिया है। जिसे अपनी भाषा में पेटी कान्ट्रेक्ट पर देना कहते है। दोनों कंपनियों के अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी और सूची लेकर पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।






## सभी खदानें होंगी जियो टैग, सेटेलाइट के आधार पर खनन रोकने की तैयारी...

# अवैध खनन पर नकेल की कवायद शुरू

**कलेक्टरों को अलर्ट जारी कर रहा खनिज विभाग**

**भोपाल/मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने अब सैटेलाइट (उपग्रह) बेस्ड खनन निगरानी प्रणाली लागू की जाएगी। खनिज साधन विभाग ने इसके लिए प्रदेश की सभी खदानों को जियो टैग किया था। जिसे पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया है और एक पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल से सैटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है।

प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने सैटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली को लागू किए जाने के संबंध में जिला कलेक्टर्स को आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा है कि खनिजों के अवैध उत्खनन पर नियंत्रण के लिए सैटेलाइट (उपग्रह) आधारित खनन निगरानी प्रणाली विकसित की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश की सभी खदानों को जियो टैग किया है। विभाग द्वारा तैयार पोर्टल पर क्लिक कर इसे एक्सेस किया जा सकता है। प्रमुख सचिव ने बताया कि इस पोर्टल से सैटेलाइट के माध्यम से अवैध उत्खनन की पहचान कर अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। जिसे पोर्टल पर जिला कलेक्टर एवं जिला खनिज अधिकारी द्वारा लॉग इन कर देखा जा सकता है। लॉग इन की जानकारी अलग से विभागीय ई-मेल आईडी में दी है। जिला कलेक्टर एवं खनिज अधिकारी को अलर्ट की जानकारी एसएमएस द्वारा हर माह पोर्टल के माध्यम से दी जाएगी। प्रमुख सचिव खनिज द्वारा कलेक्टर्स को सैटेलाइट आधारित खनन निगरानी प्रणाली का जिले में तत्परता से क्रियान्वयन करने तथा अवैध उत्खनन पाये जाने पर परिवहन एवं भंडारण नियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

बता दें कि जिले के अंतर्गत जारी किए गए अलर्ट मैप पर चिन्हित रहेंगे, जिनका अन्य खदानों, जियो लॉजिकल लेयर एवं खसरे की जानकारी के आधार पर परीक्षण किया जा सकता है। जारी किए गए अलर्ट को खनिज अधिकारी द्वारा फील्ड वेरिफिकेशन कर मोबाइल ऐप के माध्यम से वेरिफाई किया जाएगा। फील्ड वेरिफिकेशन के बाद अवैध उत्खनन पाए जाने पर मध्यप्रदेश अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण नियम-2022 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल के संबंध में वीसी के माध्यम से सभी जिला कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया है।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** शहर की बोहरा गली में बुधवार-गुरुवार की रात 20 वर्षीय मोहम्मद खोजेमा अंतरवाला ने अपने घर में फांसी लगा ली। गुरुवार सुबह 06 बजे परिजनों को कमरे का दरवाजा खुला मिला। अंदर जाकर देखा तो मोहम्मद फंदे पर लटके हुआ था। परिजन तुरंत उसे बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

मोहम्मद बुधवार रात को अपने कमरे में सोने गया था। सुबह जब वह बाहर नहीं आया तो परिजन उनके कमरे में गए। जहां मोहम्मद का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। कैंट पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। घटना से परिवार और मोहल्ले में शोक का माहौल है।

# बोर्ड परीक्षा में फैल होने से तनाव में थी युवती, फांसी लगाई

**रतलाम, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांव मलवासा में गुरुवार सुबह 21 साल की युवती महिमा परमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 12वीं की परीक्षा प्राइवेट दे रही थी और एक विषय में फैल हो गई थी। पुलिस के अनुसार, तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया। गुरुवार सुबह करीब 08 बजे महिमा घर की पहली मंजिल पर ब्रश करने गई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी तो 12 साल की छोटी बहन हर्षिता ऊपर गई। महिमा उसे खिड़की से फांसी पर झूलती मिली। हर्षिता ने यह देखकर तुरंत परिजनों को बताया। परिजन उसे नीचे उतारकर रतलाम मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर नामली थाना से एसआई एसएस परमार मौके पर पहुंचे।

महिमा के बड़े पापा के बेटे गोकुल प्रजापत ने बताया, पूरा परिवार एक साथ रहता है। गांव में नया मकान बनाया है। जहां महिला के माता-पिता सोते हैं। सुबह महिमा नए घर की पहली मंजिल पर ब्रश करने गई थी। वहां ऊपर जाकर फांसी लगा ली। बुधवार दोपहर को वह अपने मामा के घर खाचरौद से लौटी थी। जब रिजल्ट आया था तब एक सब्जेक्ट में फैल हो गई थी। तब से वह तनाव में थी। घर में इस बारे में उसे समझाया भी था। इस कारण से वह मामा के घर पर थी। नामली थाना एसआई एसएस परमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में परीक्षा में फैल होने से तनाव के चलते यह कदम उठाया है। घर के वेंटिलेशन पर फांसी का फंदा लगाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**स्कूल में पढ़ाती थी, कोचिंग भी जाती थी...**

महिमा गांव के एक प्राइवेट मिडिल स्कूल में पढ़ाती थी और कोचिंग भी जाती थी। उसके पिता का ईंट भट्टे का व्यवसाय है। परिवार में मां, छोटा भाई राज और छोटी बहन हर्षिता हैं। वह आर्ट्स की स्टूडेंट थी।

## छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 के आवेदन हेतु अंतिम तिथि 31 तक

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी दी कि पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति आवेदन हेतु चझढअअड पोर्टल पुन: प्रारंभ हो चुका है। जिसकी अंतिम 31 मई निर्धारित की गई है। जिलें में संचालित समस्त महाविद्यालयों को निर्देषित किया जाता है, कि संस्था में अध्ययनरत वर्ष 2024-25 में नवीन एवं नवीनीकरण छात्रों के MPTAAS पोर्टल पर आवेदन जमा किए जाए।

# नीमच नपा सीएमओ और सब इंजीनियर निलंबित

**नगरीय विकास आयुक्त की कार्रवाई, सहायक यंत्री का एक माह का वेतन रोका**

**भोपाल/नीमच, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** अमृत 2.0 योजना के काम में लापरवाही बरतने के मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने नीमच के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अर्थात सीएमओ महेन्द्र वशिष्ठ और उपयंत्री अम्बालाल मेघवाल को निलंबित कर दिया है। वहीं सहायक अभियंता अभिलाषा चौरसिया का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। भोंडवे ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं होगी। समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने पर अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिन निकायों में कार्य देरी से चल रहे हैं, वहां एग्रीमेंट के आधार पर ठेकेदार को नोटिस दिया जाए और काम की गति में सुधार नहीं होने पर एग्रीमेंट समाप्त करने की कार्यवाही करें। आयुक्त ने यह भी कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया को हर स्तर पर सख्ती से लागू किया जाए। भोंडवे ने जलप्रदाय परियोजनाओं की लंबित डिजाइन को संचालनालय स्तर पर तत्काल स्वीकृति देने के निर्देश दिए। अलग-अलग योजनाओं की डीपीआर शीघ्र स्वीकृत की जाए। जबलपुर सीवरेज परियोजना की डीपीआर को राज्य स्तरीय तकनीकी समिति से प्राथमिकता के आधार पर अनुमोदित किया जाए। उन्होंने कहा कि एक से दस लाख की जनसंख्या वाले नगरीय निकायों के लंबित बिलों का तुरंत भुगतान कर उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्राप्त किए जाएं।

## युवक की चाकू मारकर हत्या, आक्रोश

**रतलाम, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** गुरुवार सुबह शहर के मित्र निवास कॉलोनी के खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिला है। पेट में चाकू मारकर युवक की हत्या की गई है। जहां शव मिला है वहां के पास का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें युवक जान बचाकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। पुलिस ने शव की पहचान रत्नेश्वर रोड निवासी अरुण के रूप में की है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात अरुण का कालिका माता मंदिर परिसर में कुछ अज्ञात लोगों से विवाद हुआ था। इसके बाद गुरुवार सुबह मंदिर से 100 मीटर दूर एक खाली प्लॉट में उसका शव मिला। गुरुवार सुबह जब कचरा गाड़ी कॉलोनी में पहुंची, तो कुछ लोग कचरा फेंकने आए। उसी दौरान उन्होंने शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

**इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**–घटना की सूचना मिलते ही एएसपी राकेश खाखा और स्टेशन रोड थाना प्रभारी स्वराज डाबी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना स्थल के आसपास के सभी कैमरे देखे जा रहे हैं। सभी पहलुओं की जांच जारी है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## चार दिन से लापता महाराष्ट्र के मजदूर का कुएं में मिला शव

**मनासा, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** महाराष्ट्र से आए एक मजदूर की लाश कुएं में मिली है। ग्रामीणों ने कुएं में शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकलवाया। यह घटना मनासा थाना क्षेत्र के पास पड़दा गांव की है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए एंबुलेंस की मदद से बड़े अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, राकेश मोगरे उम्र 35 वर्ष निवासी नागसेन बस्ती तहसील सावली जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र तेंदू पत्ता लेने नीमच आया था। वह पिछले चार दिनों से लापता था। बीते रविवार को ठेकेदार ने मनासा थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। राकेश के साथी मजदूरों ने बताया कि वह उनके साथ काम कर रहा था और अचानक लापता हो गया था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## अनेक पटवारी गृह तहसील में पदस्थ, निर्देशों के बाद तैयार हो रही सूची

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में कई पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों का इधर से उधर होना तय है। राजस्व विभाग द्वारा कलेक्टर को निर्देशित करने के बाद सूची तैयार की जा रही है। बता दे कि जारी आदेश में कहा गया है कि ऐसे पटवारी जो गृह तहसील में पदस्थ हैं और राजस्व निरीक्षक (आरआइ) गृह अनुविभाग में पदस्थ हैं, उनको हटाकर अन्यत्र पदस्थ किया जाए।

**इसलिए जारी किया आदेश**–दरअसल, राजस्व विभाग को शिकायतें प्राप्त हुई थी कि अधिकांश जिलों में पटवारी अपने गृह तहसील और राजस्व निरीक्षक (आरआइ) अपने गृह अनुविभाग में पदस्थ हैं। इससे शासन की कार्य व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। कलेक्टरों से स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि वे ऐसे पटवारियों को चिन्हित कर सूची तैयार करें और हटाने की कार्रवाई की जाए।



**रास्ते में लगाई डीपी** – मनासा सीएम राइज विद्यालय कुंड खेड़ा गांव में बिजली विभाग ने आम रास्ते पर ही डीपी लगा दी जिससे गॉव के लोगो क़ो आने जाने में परेशानी हो रही गॉव वालो का कहना है की कभी भी कोई हादसा हो सकता है इस रास्ते पर ग्राम वासियो का आवागमन होता है जिससे कभी भी किसी बड़ा हादसा हो सकता है बिजली विभाग की लापरवाही के लिए क्षेत्रीय विधायक माधव मारु से निवेदन कर सड़क पर लगे ट्रांसफार्मर डीपी क़ो हटाने की बात कही है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बड़ा बयान...**

# पीओके कहेगा, मैं भारत हूं, पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं

**नई दिल्ली, 29 मई।** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है।

रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढियों पर तेजी से बढते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा। रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, मैं मानता हूँ कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बडे भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है और वो बडे विश्वास से कहते हैं- तब कुपंथ को छोड सुपथ पर स्वयं चला आएगा। मेरा ही भाई है, मुझसे दूर कहां जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा ही दिलों को जोडने की बात करता है, और हमें विश्वास है कि प्रेम, एकता और सत्य के मार्ग पर चलकर वो दिन दूर नहीं जब हमारा ही अंग पीओके स्वयं लौटकर कहेगा, मैं भारत ही हूं, मैं वापस आया हूं। पीओके की भारत से एकजुटता इस देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समृद्धि पर निर्भर करती है।



ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आपने देखा कि किस तरह, हमने पहले आतंकी ठिकानों को, और उसके बाद दुश्मन के सैन्य अड्डों, एयरबेस को तबाह किया। हम और भी बहुत कुछ कर सकते थे, परंतु शक्ति और संयम, इन दोनों के समन्वय का, हमने दुनिया के सामने एक शानदार उदाहरण पेश किया। आत्मनिर्भरता के बैनर के तले हम आज क्रिटिकल और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी पर भी, लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, अनमैन सिस्टम और अंतरिक्ष आधारित सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की पकड अब वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित हो रही है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में मेक इन इंडिया, एक अनिवार्य तत्व है। यदि हमारे पास यह क्षमता नहीं होती तो भारत की सेनाएं, पाकिस्तान के निचले हिस्से से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर तक, आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पातीं। उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अभी दो दिन पहले ही 5वीं जनरेशन के फाइटर एयरक्राफ्ट ऐमका प्रोजेक्ट के प्रोटोटाइप मॉडल को बनाने की मंजूरी दे दी है। यह एक बहुत ही बोल्ड और निर्णायक कदम है, जो भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ इस देश में एयरोस्पेस सेक्टर को एक नई उंचाई प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम सिर्फ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम न्यू ऐज वॉरफेयर टेक्नोलॉजी के लिए भी तैयार हो रहे हैं। हमारी घरेलू तौर पर विकसित प्रणालियों ने आज, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पूरी दुनिया को चौंकाते हुए यह साबित किया है, कि हम दुश्मन के किसी भी कवच को भेदने की ताकत रखते हैं। आज देश में 16,000 से अधिक एमएसएमई रक्षा क्षेत्र से जुडे हैं। ये छोटी कंपनियां हमारी सप्लाई चेन की रीढ की हड्डी बन चुकी हैं। ये कंपनियां न केवल आत्मनिर्भरता की हमारी यात्रा को मजबूत कर रही हैं, बल्कि लाखों लोगों को रोजगार भी दे रही हैं। इसके साथ, हमारा रक्षा निर्यात, जो दस साल पहले, हजार करोड़ रुपए से भी कम था, वह आज 23,500 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े तक पहुंच गया है। आज सिर्फ हथियार नहीं, बल्कि हमारे सिस्टम, सब सिस्टम, कंपोनेंट और सर्विस भी दुनिया के 100 से ज्यादा देशों तक पहुंच रही हैं।

# बकरीद सात जून को, रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** मई का महीना समाप्त होने वाला है। दो दिन बाद जून माह की शुरुआत होने वाली है। आगामी सात जून को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इस दौरान कॉलेज से लेकर बैंक व सभी सरकारी दफ्तरों में छुट्टी रहेगी। मध्यप्रदेश शासन की लिस्ट के अनुसार 07 जून को ईद-उल-अजहा (बकरीद) के चलते अवकाश घोषित किया गया है।

**68 ऐच्छिक छुट्टियां घोषित...**

मध्यप्रदेश सरकार ने साल 2025 की छुट्टियों के सरकारी कैलेंडर में इस बार 68 ऐच्छिक छुट्टियां घोषित की हैं। प्रत्येक शासकीय कर्मचारी को 68 ऐच्छिक छुट्टियों में से उनकी इच्छानुसार तीन दिन की छुट्टियां दी जायेंगी, उससे अधिक नहीं दी जाएंगी।

**जून में कई दिन बंद रहेंगे बैंक...**

✻ 01 जून (रविवार)- साप्ताहिक छुट्टी – सभी बैंक बंद ✻ 6 जून (शुक्रवार)- ईद-उल-अजहा (बकरीद) – केवल केरल में बैंक बंद ✻ 7 जून (शनिवार)- बकरीद (ईद-उल-अजहा) – पूरे भारत में बैंक बंद ✻ 8 जून (रविवार)- साप्ताहिक छुट्टी – सभी बैंक बंद ✻ 11 जून (बुधवार)-संत गुरु कबीर जयंती / सगा दावा – सिक्किम और हिमाचल प्रदेश में बैंक बंद ✻ 14 जून (शनिवार)- दूसरा शनिवार – सभी बैंक बंद ✻ 15 जून (रविवार)- साप्ताहिक छुट्टी – सभी बैंक बंद ✻ 22 जून (रविवार)- साप्ताहिक छुट्टी – सभी बैंक बंद ✻ 27 जून (शुक्रवार)-रथ यात्रा / कांग (रथजत्रा), ओडिशा और मणिपुर में बैंक बंद ✻ 28 जून (शनिवार)-चौथा शनिवार, सभी बैंक बंद ✻ 29 जून (रविवार) -साप्ताहिक छुट्टी , सभी बैंक बंद ✻ 30 जून (सोमवार), रेमना नी, मिजोरम में बैंक बंद

## दो दिन से लापता मासूम का शव कुएं में मिला, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** पिछले दो दिनों से घर से लापता 08 साल के मासूम बच्चें का शव गुरुवार को सोधनी फाटक स्थित कुएं से मिला। इस मामलें में मृतक के पिता ने बच्चें की हत्या की आशंका जताई है। जिसके बाद पुलिस पूरे मामलें की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक जीशान पिता फिरोज उम्र 08 साल निवासी जयपुरा 28 मई की सुबह 10 बजे अपने घर से लापता हो गया था। परिजनों ने तलाश की, लेकिन काफी देर तक उसके बारे में कुछ भी पता नहीं लगा तो परिजनों ने नई आबादी पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी बच्चें की तलाश में जूटी थी। लेकिन बच्चें के गायब होने के 30 घंटे तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसी बीच गुरुवार शाम को अचानक सोंधनी फाटक के निकट कुएं में बच्चें का शव होने की खबर पुलिस को मिली। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं में बच्चें की तलाश की तो बच्चें का शव कुऐं से मिल गया। मौके पर बच्चें के परिजन भी पहुंचे। मृतक के पिता फिरोज ने हत्या की आशंका जताई, जिसके बाद पुलिस पूरे मामलें की जांच कर रहीं है।

## साईबर धोखाधड़ी एवं डिजिटल साक्षरता का जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 29 मई गुरु एक्सप्रेस।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी, मन्दसौर में संस्था अरूणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति द्वारा आईशर फाउण्डेशन के वित्तीय सहयोग से डिजिटल साक्षरता एवं डिजिटल साईबर फाड विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण लेने आयी महिला प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रही है। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के ट्रेनर, आरसेटी स्टॉफ एवं उपस्थित महिला प्रशिक्षणार्थीयो द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मॉ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मॉस्टर ट्रेनर आई. एच. मुन्सरी, द्वारा साइबर फाड एवं वित्तीय साक्षरता पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थीयो को जानकारी देते हुये बताया कि किस प्रकार साइबर ठग आपकी जमा पूंजी को विभिन्न आधुनिक तरीके से ठग सकते है। इसके लिये सर्तकता जरूरी है। डिजिटल सर्तकता रहेगी तो, कोई भी आपको नुकसान नहीं पहुचा पायेगा। संस्था के ट्रेनर श्री सुरेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणाथीयों को साईबर फाड व सोशल मिडिया प्लेटफार्म, ऑनलाईन पेमेन्ट, फर्जी वेबसाईट आदि के बारे में उदाहरण सहित रोचक जानकारी से अवगत कराकर सावधान रहने हेतु जानकारी दी गई। कार्यशाला में ट्रेनर श्री राजेश जोशी द्वारा वर्तमान समय में मोबाईल से होने वाली वित्तीय धोखाधडी की सत्य घटनाओ से प्रशिक्षणाथीयों को बताकर जागरूक रहने को कहा किसी भी प्रकार का ओटीपी या लिंक शेयर नहीं करना नही तो आपके साथ धोखाधडी हो सकती है।




मंदसौर से अहमदाबाद
एसी बस प्रतिदिन रात्रि 08.15बजे
(व्हाया-नीमच, उदयपुर)
जय श्री गणेश ट्रेवल्स
स्थान-महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड, मंदसौर
मो-9407259243, 8871603134


**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं जिला परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक-क्यू/ मंदसौर, दिनांक-29.05.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कमलेश पालीवाल पिता शंकरलालजी निवासी मेघदूत नगर, मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिताजी का नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन करवाना चाहता हूं। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
|---|---|
| शंकरलाल जी | शंकरलाल पालीवाल |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मल्हारगढ़ (म.प्र.) पिन-458001**

**✻✻✻ विज्ञप्ति ✻✻✻**

**राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण जनता को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपखंड मंदसौर के अंतर्गत 1-नारायणगढ़ तथा 2-थाना पिपलियामंडी जिला मंदसौर धारा 25 पुलिस अधिनियम 1861 के अंतर्गत जप्तशुदा वाहनों को राजसात किये गये वाहनों की नीलामी कार्यवाही से पूर्व मूल्य निर्धारण संबंधी प्राधिकारी से करवाई जाने के बाद निर्वतन हेतु सीलबंद निविदाएं कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ पर आमंत्रित की जाती है। राजसात किये गये वाहन निम्न सारणी अनुसार उनके सम्मुख दर्शाये स्थान पर अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेंगे। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म क्रय/प्राप्त किया जाता तथा अन्य जानकारी अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में दिनांक 09.06.2025 तक शाम 05.00 बजे तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ से प्राप्त की जा सकती है। राजसात वाहनों के निवर्तन हेतु निविदा की पूर्ण पूर्ति के पश्चात इच्छुक व्यक्ति द्वारा निविदाएं दिनांक 11.06.2025 शाम 05.00 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ के कार्यालय में जमा की जाना अनिवार्य होगा। निर्धारित दिनांक एवं समय पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाएं ग्राह्य नहीं की जावेगी। प्राप्त निविदाएं दूसरे दिन दिनांक 12.06.2025 को दोपहर 01.00 बजे से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ पर उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी, परंतु निविदाताओं की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रक्रिया में बाधक नहीं होगी। वाहनों का निवर्तन आफसेट मूल्य पर जहां है जैसी स्थिति में है के आधार पर किया जावेगा। निविदादाता वाहन का निरीक्षण उनके रखे जाने के स्थान पर जाकर कर सकते है। सफल निविदाता वाहन को उसी स्थान से प्राप्त करेगा। वाहनों का प्रकार एवं उनका आफसेट प्राईज एवं वाहन रखे होने का स्थान आदि जानकारी निम्नानुसार है-

**25 पुलिस अधिनियम में जप्त शुदा वाहनों के नीलामी हेतु सूची जिला मंदसौर**

| क्रं. | थाना | इस्तगासा नं. व धारा | जप्त वाहन का नाम व नंबर | वाहन पंजीयन वर्ष | वाहन अवलोकन का स्थान | वाहन का निर्धारित आफसेट प्राईज | निर्धारित अर्नेष्टमनी की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | पिपलिया मंडी | 01/13 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मोपेड टीवीएस चैम्प | MP14L0528 In scrap condition | थाना पिपलियामंडी | 1200 | 600 |
| 2 | पिपलिया मंडी | 02/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मोटर सायकल एचएफ डिलक्स | MP37MJ0462 In scrap condition | थाना पिपलियामंडी | 9500 | 4750 |
| 3 | पिपलिया मंडी | 03/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मोटर सायकल हीरो होण्डा डिलक्स | MP14ME3026 In Fair condition | थाना पिपलियामंडी | 2740 | 1370 |
| 4 | पिपलिया मंडी | 07/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मोटर सायकल बजाज सीटी 100 ब्लेक कलर | RJ27M4263 In scrap condition | थाना पिपलियामंडी | 2390 | 1195 |
| 5 | पिपलिया मंडी | 09/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मोटर सायकल हीरो होण्डा ब्लेक कलर | RJ03SA8805 In scrap condition | थाना पिपलियामंडी | 1600 | 800 |
| 6 | नारायण गढ़ | 15/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | होण्डा एस शाईन | In Fair condition | थाना नारायणगढ़ | 38000 | 19000 |
| 7 | नारायण गढ़ | 16/23 धारा 25 पुलिस अधिनियम | मारुति स्वीफ्ट डिजायर कार | Engine No.G13BBN 442632, Chassis No. MA3EKE42S00118289 In scrap condition | थाना नारायणगढ़ | 52000 | 26000 |

प्राप्त निविदा में सर्वप्रथम टेण्डर भाग 1 खोलने पर उसमें प्रस्तुत किये गये समस्त कागजात जांच में सही पाये जाने के उपरान्त निविदा भाग दो खोला जायेगा, जिसमें निविदादाताओं द्वारा दिये गये उच्चतम ऑफर की घोषणा की जाएगी। निविदा में प्राप्त राशि यदि निर्धारित ऑफसेट प्राईज की राशि से अधिक है तो निविदा आवेदन पत्र स्वीकृत किये जा सकते है। यदि किसी वाहन हेतु प्राप्त निविदा ऑफसेट प्राईज की राशि से कम है तो कलेक्टर, जिला मंदसौर स्व विवेक पर पुनः विज्ञप्ति जारी करने हेतु निर्णय ले सकते है। जिन वाहनों हेतु निविदाएं प्राप्त नहीं होगी उनकी पृथक से विज्ञप्ति जारी की जावेगी। वाहन नीलामी के संबंध में नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मल्हारगढ़ से किसी भी दिन कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

सब डिविजनल मजिस्ट्रेट
सब डिविजन मल्हारगढ़

G-13527/25 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in